# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – द्वितीय इकाई
# हिन्दी – कक्षा 6
# सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय: 1 घंटा** **अधिकतम अंक: 20**

**सामान्य निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में **3** मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं।
- **खंड क** में कुल **2** प्रश्न है, जिनकी प्रश्न संख्या **1 एवं 2** है। प्रश्न संख्या **1 एवं 2** में **5** उप प्रश्न हैं, प्रत्येक उप प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ख** में कुल **4** प्रश्न है, जिनकी प्रश्न संख्या **3 से 6 तक** है, प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ग** में कुल **1** प्रश्न है, जिसकी प्रश्न संख्या **7** है, प्रश्न संख्या **7** के लिए **6** अंक निर्धारित किये गए हैं।

---

**(खंड-क-अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)**

जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं, सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूध वाला, नगर निगम का सफ़ाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं और कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किंतु यदि यही अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करता है, तो उसका कार्य उस सचिव के कार्य से कहीं बेहतर है जो अपने काम में

ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है,बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता।इस संदर्भ में गांधी जी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफ़ाई जैसे कार्य को कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे।

**(क) शिक्षा, वेतन, परंपरा और व्यवसाय के आधार पर कार्य के क्या स्तर बताए हैं?**

(i) निम्न स्तर और मध्य स्तर (ii) मध्य स्तर और उच्च स्तर

(iii) निम्न स्तर और उच्च स्तर (iv) मध्य स्तर और समान स्तर

**(ख) माली का कार्य सचिव के कार्य से बेहतर होता है जब -**

(i) वह अपना कार्य कुशलतापूर्वक करता है (ii) अधिक तनख्वाह लेता है

(iii) अधिक घंटे काम करता है (iv) अधिक सुविधाएँ प्राप्त करता है

**(ग) गांधी जी अपने हर कार्य को करते थे-**

(i) आडंबरपूर्ण तरीके से (ii) गरिमापूर्ण तरीके से

(iii) विशिष्ट तरीके से (iv) सामान्य तरीके से

**(घ) गांधी जी अपने सहयोगियों को किस प्रकार की सीख देते थे?**

**(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5)**

हँसते खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल क्यारी में देखकर
जी तृप्त हो गया।
नथुनों से प्राणों तक खिंच गई गंध की लकीर-सी
आँखों में हो गई रंगों की बरसात
अनायास कह उठा दिल वाह! धन्य है वसंत ऋतु!

**(क) कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?**

(i) पतझड़ (ii) वसंत (iii) वर्षा (iv) ग्रीष्म

**(ख) रंग-बिरंगे फूलों को देखकर कवि के हृदय में कौन-सा भाव आया?**

(i) प्रसन्नता (ii) कृतज्ञता (iii) संतुष्टि (iv) चापलूसी

(ग) "गंध की लकीर-सी' से क्या अभिप्राय है?

(i) गंध की रेखा　　(ii) हृदय में सुगंध की अनुभूति

(iii) खुशबू　　(iv) सुगंध से हृदय में प्रसन्नता की अनुभूति

(घ) काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए -

(ङ) अनायास शब्द का क्या अर्थ है?

**(खंड-ख-व्याकरण)**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए -** **(4)**

(क) मन को धक्का लगना -

**प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -**

(क) जिसमें कोई कलंक न हो -

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

(क) बादल -

**प्रश्न 6. दिए गए प्रत्यय से दो नए शब्द बनाकर लिखिए -**

(क) इक -

**(खंड-ग- पाठ्यपुस्तक में से)**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-35 शब्दों में लिखिए।** **(2x3=6)**

(क) प्राचीन काल में लोग हिमालय पर क्यों जाते थे?

(ख) धनवान व्यक्ति में कौन-कौन से गुण होने चाहिए?

(ग) कुछ छायादार वृक्षों के नाम लिखिए और उनकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।